# तीसरी मंजिल पर मिली जन-जन को 'सरकार'

## नैनीताल में शिविर बना सरकारी खानापूर्ति, कुछ विभागों के कर्मी अंत तक रहे

पड़ताल

**11** बजकर 30 मिनट पर शुरू हुआ बहुउद्देशीय शिविर
**01** बजे तक खाली हो गया तीसरी मंजिल पर बना हॉल
**05** मिनट में अफसरों के जाने के बाद विभागों ने समेट लिया सामान

**नैनीताल, वरिष्ठ संवाददाता।** आमतौर पर सरकारी शिविरों का आयोजन सुगम स्थानों पर जनता की पहुंच को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। शुक्रवार को 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय में लगाया गया बहुउद्देशीय शिविर केवल खानापूर्ति साबित हुआ।

किसी खुले मैदान में शिविर लगाने के बजाय सीआरएसटी स्कूल की बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर हॉल में शिविर लगाया गया। जहां पहुंचने के लिए फरियादियों को 45 सीढ़ियां चढ़नी पड़ीं, तब कहीं जाकर जन-जन की 'सरकार' दिखी। साढ़े 11 बजे बाद शिविर शुरू हुआ तो विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों ने शिविर और योजनाओं की जानकारी दी। कुछ समस्याओं का निस्तारण करने के आदेश विभागों को दिए गए। शिविर की जमकर तारीफ हुई और अतिथियों ने विचार रखे। करीब 12.55 बजे शिविर के समापन की घोषणा कर अतिथि और आयोजक चले गए। पांच मिनट बाद विभागों ने अपने-अपने स्टॉल समेटे और वो चलते बने। डेढ़ बजे तक पूरा हॉल खाली हो गया और वहां केवल आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा विभाग व होम्योपैथिक विभाग के स्टॉल समेत पालिका के कुछ कर्मचारी ही सबसे अंत तक बने रहे।



नैनीताल के सीआरएसटी कॉलेज में शुक्रवार को जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम में स्टॉल से दवाएं लेतीं महिलाएं।

## आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक विभाग के स्टॉल पर भीड़

**नैनीताल।** वैसे तो शिविर में दर्जनों विभागों ने स्टाल लगाए थे। लेकिन सबसे अधिक भीड़ आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा विभाग और होम्योपैथिक विभाग के स्टाल पर देखने को मिली। आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग ने 102 और होम्योपैथिक विभाग ने 40 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा दी।

श्रम विभाग ने पांच लोगों के पंजीकरण के आवेदन लिए। पशुपालन विभाग ने 28 पशुपालकों को विभागीय योजना से लाभान्वित किया। मत्स्य विभाग ने 56 आवेदन लिए। ऊर्जा निगम ने बिल संबंधी चार समस्याओं का समाधान किया। कृषि विभाग ने 20, उद्यान विभाग ने 19 किसानों को बीज, रसायन व कृषि यंत्र दिए। उद्योग विभाग द्वारा 32 लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया। बाल विकास विभाग द्वारा 8 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट प्रदान की गई। समाज कल्याण विभाग ने 10 लाभार्थियों को समाज कल्याण की योजनाओं की जानकारी दी। राजस्व विभाग ने विभिन्न प्रमाण पत्र से संबंधित जानकारी लोगों को दी।

### 18 शिकायतें दर्ज कराईं

विधायक नैनीताल सरिता आर्या की अध्यक्षता व एसडीएम नवाजिश खलिक के संचालन में बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। जिसमें 18 शिकायतें प्राप्त हुईं, अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। 260 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। सात नंबर क्षेत्र की महिलाओं ने बदहाल रास्ते और नालियों में गंदगी होने की शिकायत दर्ज कराई। एसडीएम ने संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। यहां मंडी परिषद के सदस्य मनोज जोशी, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन कार्की, दयाकिशन पोखरिया आदि रहे।

## धौलाखेड़ा में 65 लाख से सुधरेगी बिजली सप्लाई

अच्छी खबर 1

**हल्द्वानी, कार्यालय संवाददाता।** धौलाखेड़ा बिजलीघर से जुड़े उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। ऊर्जा निगम को क्षेत्र में 65.75 लाख रुपये की लागत से 11 नए ट्रांसफार्मर लगाने की मंजूरी मिल गई है। विभाग ने इन्हें चिह्नित स्थानों पर स्थापित करने की तैयारी शुरू कर दी है।

धौलाखेड़ा बिजलीघर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में लगातार बढ़ती आबादी और नए बिजली कनेक्शनों के कारण मौजूदा ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। क्षमता के अनुरूप ट्रांसफार्मर नहीं होने से लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गर्मियों के मौसम में बिजली की मांग बढ़ने पर स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। समस्या के स्थायी समाधान के लिए ऊर्जा निगम ने नए ट्रांसफार्मर लगाने का प्रस्ताव तैयार किया था, जिसे स्वीकृति मिल चुकी है। विभाग का लक्ष्य है कि गर्मी शुरू होने से पहले सभी 11 ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिए जाएं। ऊर्जा निगम के ईई एसके गुप्ता ने बताया कि कार्य शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा और निर्धारित समय के भीतर सभी ट्रांसफार्मर लगा दिए जाएंगे।

### मंडी चौकी शिफ्टिंग को 25 लाख मंजूर

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर तीनपानी से नरीमन चौराहे तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्य को तेज गति देने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने मंडी पुलिस चौकी के स्थानांतरण को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी, मंडी सचिव व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंडी पुलिस चौकी को सड़क से शीघ्र शिफ्ट किए जाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए।



नारी सेवा समिति की ओर से शुक्रवार को नैनीताल में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। • हिन्दुस्तान

### होली के गीतों पर दी मनमोहक प्रस्तुति

**नैनीताल।** नारी सेवा समिति मल्लीताल ने शुक्रवार को होली मिलन कार्यक्रम कराया। संस्कृति निदेशालय उत्तराखंड के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में महिला होल्यारों ने कुमाउनी पारंपरिक होली गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी।

अध्यक्ष सरोज हर्ष ने बताया कि महिलाओं ने 'सिद्धि के दाता', 'जल कैसे भरूं यमुना गहरी' आदि गीतों का गायन किया। यहां लता, मुन्नी, बसंती, प्रनीता, दया, शोभा, शांति, रेखा, पूजा, हिमानी, ललिता रहीं।

## श्यामखेत-कुड़ मार्ग पर डामरीकरण को बजट मंजूर

2

**भवाली।** रामगढ़ ब्लॉक के श्यामखेत से कुड़ तक मोटर मार्ग के सुधारीकरण और डामरीकरण के लिए 7.77 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल गई है। विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया कि इस सड़क का निर्माण पूर्व में राज्य योजना के तहत किया गया था।

डामरीकरण न होने से ग्रामीणों को परेशानी होती थी। बरसात में किसानों को अपने उत्पाद हल्द्वानी तक पहुंचाने में दिक्कतें आती थीं।

ग्रामीण लगातार मार्ग के सुधारीकरण और डामरीकरण की मांग कर रहे थे। बताया कि उक्त मोटर मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई फेज-4 )के तहत प्रस्तावित किया था। जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। 7.77 करोड़ रुपये की लागत से मार्ग का सुधारीकरण व डामरीकरण किया जाएगा।

टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और जल्द निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। शुक्रवार को विधायक कैड़ा ने लोश्ज्ञानी, भलाड़, धारी, कौल, मटियाल, नथुवाखान आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन पर जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## शहर 30s



नैनीताल मोटर्स नेक्सा शोरूम में मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई विटारा का जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल और एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने किया अनावरण।

### मारुति की नई इलेक्ट्रिक एसयूवी लॉन्च

**हल्द्वानी।** नैनीताल मोटर्स नेक्सा शोरूम में मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा की भव्य लॉन्चिंग हुई। मुख्य अतिथि एसएसपी मंजूनाथ टीसी और जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल ने वाहन का अनावरण किया। 10 .99 लाख की शुरुआती कीमत वाली यह कार सिंगल चार्ज पर 550 किमी की रेंज देती है। डायरेक्टर भूपेश अग्रवाल ने बताया कि बैटरी एज ए सर्विस मॉडल के तहत ग्राहक 3 .99/किमी देकर इसे चला सकते हैं। यहां नितिन अग्रवाल, जीएम समीर नंदवानी सहित आनंद दर्मवाल, पुष्कर पाठक, यतेंद्र सुयाल मौजूद रहे।



एसएम पाल ग्रुप के पाल स्कोडा शोरूम में शुक्रवार को स्कोडा कायलेक का अनावरण किया।

### पाल स्कोडा ने लॉन्च की नई कायलेक

**हल्द्वानी।** एसएम पाल ग्रुप के पाल स्कोडा शोरूम में शुक्रवार को स्कोडा कायलेक का अनावरण किया गया। शुभारंभ ग्रुप के चेयरमैन सुरेश पाल, डायरेक्टर मीरा पाल, प्रतीक पाल व तुषिका पाल ने किया। जीएम नंदन सिंह रावत ने बताया कि नई कायलेक में आकर्षक सनरूफ फीचर जोड़ा गया है। सनरूफ मैनुअल वेरिएंट की कीमत 8 .25 लाख, ऑटोमेटिक की 9 .25 लाख (एक्स-शोरूम) से शुरू है। सीईओ गिरीश नेवालिया ने कहा कि कंपनी ने ग्राहकों का अटूट विश्वास जीता है।

### चित्रार्थ ने जेईई मेन में किया शानदार प्रदर्शन



**हल्द्वानी।** दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र चित्रार्थ मेहरा ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मेन में 99 .864 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि को चित्रार्थ की व्यक्तिगत सफलता के साथ-साथ स्कूल की मजबूत शैक्षणिक नींव, समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का श्रेय भी बताया है।

### बेतालघाट के डॉ. हरेंद्र बने एमएस ऑर्थोपेडिक्स



**बेतालघाट।** ब्लॉक के ग्राम अमेल निवासी डॉ. हरेंद्र सिंह रावत का राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून में एमएस ऑर्थोपेडिक्स (हड्डी एवं जोड़ रोग) के लिए चयन हुआ है। डॉ. रावत की उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने उनको बधाई दी। डॉ. रावत ने सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुओं एवं निरंतर परिश्रम को दिया।

### शहर में आज

- विराट हिन्दू समागम का आयोजन दुर्गापाल गार्डन पीलीकोठी में दोपहर 2 बजे से
- भाकपा (माले) के सचिव इंद्रेश मैखुरी की प्रेसवार्ता होटल मोती महल में 11:30 बजे स
- भारत विकास परिषद का दिव्यांग सहायता शिविर पीएसएन स्कूल में 11 बजे से





यूको बैंक UCO BANK
अचल कार्यालय : प्लॉट नं0 5, आईटी पार्क, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून, उत्तराखण्ड -248001
दूरभाष : 0135-2742812, मो0- 7017660931, 8890966671
ई-मेल : zo.dehradun@uco.bank.in

वसूली एजेंट/प्रवर्तन एजेंट का पैनल में शामिल होना

देहरादून स्थित हमारे क्षेत्रीय कार्यालय और उसके अंतर्गत आने वाली शाखाओं के लिए 'वसूली एजेंट/प्रवर्तन एजेंट के रूप में सूचीबद्ध होने' हेतु पात्र व्यक्तियों/संस्थानों/ एजेंसियों/एलएलपी/कंपनियों आदि से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्र आवेदक अपने आवेदन की अग्रिम प्रति और अन्य आवश्यक दस्तावेज दिनांक 27.02.2026 को शाम 5:00 बजे तक यूको बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून में जमा कर सकते हैं। पात्रता और अन्य विवरणों के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट https://www.uco.bank.in पर 'टेंडर/नोटिस' अनुभाग देखें।

दिनांक : 21.02.2026 — क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून, आईटी पार्क, देहरादून, उत्तराखण्ड

सिटी हॉस्पिटल
(अति आधुनिक सुविधा युक्त एकमात्र अस्पताल)
इलाज का खर्च मुट्ठी में (बजट में)
ECHS (Ex Army), ESI (Factory Workers) व आयुष्मान तथा अन्य TPA (Mediclaim) द्वारा फ्री इलाज
हार्ट (Echo) व रंगीन अल्ट्रासाउंड की सुविधा
तीन पानी, बरेली रोड, हल्द्वानी। फोन : 7505978944, 8393906048

"आवश्यक सूचना-सुनहरा मौका"
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार
उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल
के तत्वाधान में
उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, नैनीताल एवं
समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा
दिनांक 14 मार्च, 2026 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक
राज्य के मा0 उच्च न्यायालय, समस्त जिला तथा अधीनस्थ न्यायालयों, राज्य के समस्त पारिवारिक न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, वाणिज्यिक न्यायालयों, राज्य एवं समस्त जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग तथा ऋण वसूली अधिकरण, देहरादून में
राष्ट्रीय लोक अदालत
का आयोजन किया जा रहा है।
जिसमें प्री-लिटिगेशन (ऐसे मामले जो अभी न्यायालय में दायर नहीं हुये हैं) एवं न्यायालयों में लम्बित निम्न वादों का निस्तारण किया जायेगा।

- फौजदारी के शमनीय मामले,
- धारा 138 एन.आई. एक्ट के मामले,
- मोटर दुर्घटना दावा मामले,
- वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालयों के मामले,
- श्रम सम्बन्धित मामले,
- भूमि अर्जन के मामले,
- दीवानी वाद,
- राजस्व और अन्य सहायक मामले,
- वेतन, भत्तों एवं सेवानिवृत्ति से सम्बन्धित मामले,
- विद्युत एवं जलकर बिलों के मामले,
- धन वसूली से सम्बन्धित मामले,
- आईपीआर मामले/ उपभोक्ता मामले/ किसी अर्ध- न्यायिक प्राधिकरण के समक्ष लंबित अन्य मामले,
- मोटर वाहन अधिनियम के तहत शमनीय यातायात चालान,
- अन्य ऐसे मामले जो सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित हो सके, का निस्तारण किया जायेगा।

अतः सर्वसाधारण से अनुरोध है कि, जो भी व्यक्ति अपने वादों/ मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करवाना चाहते हैं, वे सम्बन्धित न्यायालय में किसी भी कार्यदिवस में दिनांकः 13 मार्च, 2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थनापत्र देकर अपने वादों को नियत करवाकर, इस अवसर का लाभ उठायें। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल अथवा सम्बन्धित जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों में सम्पर्क करें।

पत्रांकः मैमो०/ सू.एवं लो.सं.वि./दि. 20.02.2026

सदस्य-सचिव, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, मा0 उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल
दूरभाष: 05942-236762 फैक्स: 05942-236552, ई-मेल.: slsa-uk@nic.in, ukslsanainital@gmail.com, टोल फ्री: 1800-180-4000, नालसा हेल्पलाइन नं.: 15100


## दिन-रात के तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस का अंतर

**हल्द्वानी, संवाददाता** हल्द्वानी शहर व आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों मौसम के दो अलग-अलग रूप देखने को मिल रहे हैं। दिन और रात के तापमान में आ रहा 10-11 डिग्री सेल्सियस का बड़ा अंतर लोगों की सेहत के लिए चुनौती बन गया है। जहां दोपहर में चटख धूप पसीने छुड़ा रही है, वहीं सूरज ढलते ही पारा गिरने से रात और सुबह के समय हल्की ठंडक का अहसास बना हुआ है।

शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया कि आसमान साफ होने के कारण दिन में सूरज की किरणें सीधे धरती पर पहुंच रही हैं, जिससे गर्मी का अहसास बढ़ गया है। वहीं, पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाएं रात के तापमान को बढ़ने नहीं दे रही हैं। तापमान में यह भारी उतार-चढ़ाव बुजुर्गों और बच्चों के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकता है। मौसम वैज्ञानिक की मानें तो आने वाले सप्ताह में तापमान में और बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

### 'बुजुर्गों और बच्चों का रखा जाए विशेष ख्याल'

फिजिशियन डॉ.विनीता निर्खुपा ने बताया कि मौसम के इस बदलते मिजाज में बच्चों और बुजुर्गों की सेहत का खास ख्याल रखना जरूरी है। दिन की धूप देखकर गर्म कपड़े पूरी तरह न उतारें। सुबह और शाम को शरीर को गर्म कपड़ों से ढक कर रखें। खान-पान में सावधानी बरतें और फ्रिज के ठंडे पानी या शीतल पेय से परहेज करें।

### नैनीताल में धूप खिलने से राहत

**नैनीताल।** सरोवर नगरी में भले ही शुक्रवार को धूप खिली हो, पर बीते गुरुवार को हुई बारिश और ओला वृष्टि से मौसम में बदलाव देखा गया।

दिन में धूप खिलने से मौसम सुहाना हो गया और ठंड से राहत मिली। गुनगुनी धूप में सैलानियों ने नौकायन का आनंद लिया। जिला मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी नवीन धूसिया के अनुसार रात के यानी न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहा।

### एनएसएस शिविर में सीखें सेवाभाव

**बेतालघाट।** शहीद श्रीखेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर लगाया गया।

अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विनय कुमार विद्यालंकार ने की। स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। पौधों की गुड़ाई की। एनएसएस सदस्य डॉ. निर्मला ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई। यहां डॉ. तरुण, डॉ. जयति दीक्षित, बबीता, निधि, उर्मिला, रजनी, बबीता करगेती, पूजा जोशी, छाया,